# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बस्ती

## दीवानी न्यायालय जनपद–बस्ती में संविदा के आधार पर अंशकालिक स्वीपर के पद को भरने हेतु परीक्षा वर्ष–2015

**दीवानी न्यायालय,जनपद–बस्ती मे संविदा के आधार पर अंशकालिक स्वीपर के एक अनारक्षित पद पर चयन हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। स्वीपर का उक्त पद विशुद्ध रूप से अस्थायी है तथा संविदात्मक आधार पर भरा जाना है। पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को मात्र रू06000/–मासिक नियत मानदेय दिया जायेगा। जिस पर कोई अतिरिक्त भत्ता आदि देय नहीं होगा। नियुक्त अभ्यर्थी की सेवा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।**

### चयन हेतु निर्धारित अर्हता व अन्य शर्तें

1- स्वीपर के उक्त पद पर नियुक्ति के लिए आवेदक को देवनागरी लिपिक में हिन्दी व अंग्रेजी के शब्दों में लिखने व पढ़ने का ज्ञान आवश्यक है। आवेदक को जूनियर हाई स्कूल या उ0प्र0सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना तथा सफाई कार्य मे दक्ष होना आवश्यक है।

2– आवेदक की आयु 01 जुलाई,2015 को 18 वर्ष से कम एवं 40वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी।

3– समस्त शैक्षिक योग्यता,जन्म तिथि एवं जाति प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

4– **परीक्षा शुल्क–सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क रू0200/– एवं अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति के अभ्यर्थियों को रू0150/–परीक्षा शुल्क देना होगा,जो जनपद न्यायाधीश,बस्ती के नाम से बैंक ड्राफट द्वारा भारतीय स्टेट बैंक,कोर्ट एरिया शाखा–बस्ती में देय होगा। उक्त परीक्षा शुल्क भारतीय पोस्टल आर्डर द्वारा भी दिया जा सकता है,जो जनपद न्यायाधीश बस्ती के नाम मुख्य डाकघर,जनपद बस्ती में देय होगा।**

5– **आवेदन पत्र का प्रारूप एव अन्य निर्धारित शर्तें जनपद न्यायालय, बस्ती की बेवसाइट http://ecourts.gov.in/Basti पर भी उपलब्ध है,जहां से उसे डाउनलोड किया जा सकता है।**

6– **आवेदन पत्र केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय–बस्ती से रू050/– नगद भुगतान पर भी प्राप्त किये जा सकते हैं,जिसमें उक्त निर्धारित परीक्षा शुल्क शामिल नहीं है।**

7– आवेदक को लिफाफे के शीर्ष पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट शब्दों में अंकित करना होगा।

8– पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र शैक्षिक व अन्य प्रमाण पत्रों की

सत्यापित प्रतियां, बैंक ड्राफट/पोस्टल आर्डर तथा रू025–25/–के डाक टिकट लगे 30x15 सेमी0 आकार के दो लिफाफे, जिन पर आवेदक का नाम एवं पता लिखा हो,के साथ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दिनांक **22 सितम्बर 2015** समय 5–00बजे तक केन्द्रीय नजारत में प्राप्त हो जाने चाहिए। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक विभाग द्वारा किये गये विलंब के लिए भी कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। लिखित परीक्षा **18 अक्तूबर 2015 (रविवार)** को होगी।

**9–** लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि सूचित की जायेगी। लिखित परीक्षा से संबंधित समस्त लेखन सामग्री अर्थात् पेन,कलम व पैड आदि आवेदक को स्वयं लाना होगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, टेबलेट या कलकुलेटर का प्रयोग सख्त वर्जित होगा।

**10–** साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से चयन समिति के समक्ष अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

**11–** पात्र अभ्यर्थी का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर होगा। लिखित परीक्षा 75 अंकों की एवं साक्षात्कार 25 अंकों का होगा। परीक्षा मे ंपूछे जाने वाले प्रश्न जूनियर हाई स्कूल स्तर के होंगे।

**12–(क)** लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर 5 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा।

**(ख)** लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर चयन किया जायेगा।

**13–** अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अथवा आवश्यक अर्हता न रखने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।

**14–** किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जायेगी, जिसके आधार पर आवेदक की उम्मीदवारी सरसरी तौर पर निरस्त कर दी जायेगी।

**15–** अभ्यर्थी का चरित्र नियुक्ति अधिकारी की संतुष्टि के अधीन उत्तम होना चाहिए। नियुक्ति के समय अभ्यर्थी द्वारा इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि उसे विधि द्वारा स्थापित न्यायालय द्वारा किसी नैतिक अधमता के अपराध हेतु दण्डित नहीं किया गया है।

( अशोक कुमार सिंह)

प्रथम अपर जिला जज/
अध्यक्ष, चयन समिति,
जनपद न्यायालय, बस्ती

# आवेदन पत्र का प्रारूप

## दीवानी न्यायालय,जनपद–बस्ती मे संविदा के आधार पर अंशकालिक स्वीपर के पद को भरने हेतु आवेदन पत्र

1–पद नाम.........................................................................................

2–अभ्यर्थी का पूरा नाम

(हिन्दी में देवनागरी लिपि में)

अभ्यर्थी की स्वप्रमाणित

नवीनतम फोटो

3–पिता का नाम ..........................................................................

4–जाति...सामान्य / पिछड़ी / अनु0जा0 / अनु0जनजाति.......................

5–पता..**क**–स्थायी पता–मकान नंबर..............ग्राम / मोहल्ला......................

पोस्ट.............................. थाना..................................तहसील..........................

जिला..................................राज्य.............................

**ख**–पत्राचार का पता–मकान नंबर..............ग्राम / मोहल्ला......................

पोस्ट.............................. थाना..................................तहसील..........................

जिला..................................राज्य.............................

6–जन्म तिथि –अंकों में.................................. शब्दों में.....................................................................

7–दिनांक 01–07–2015 को आयु........... वर्ष...........माह............दिन............................

( जूनियर हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा का प्रमाण पत्र या अंक तालिका या अध्ययन किये गये अंतिम विद्यालय द्वारा जारी स्थानांतरण प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

8–शुल्क का विवरण–धनराशि–..................... बैंक डाफट / पो0आर्डर नंबर......................................

दिनांक............................बैंक / डाकघर का नाम........................................शाखा.............................

9–नागरिकता....................................................

10–उ0प्र0 में स्थायी निवास की अवधि................................................

11–शैक्षिक योग्यता..........................................................................

(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

### घोषणा

मैं घोषणा करता / करती हूॅ किउक्त प्रारूप में मेरे द्वारा दी गयी सभी सूचनाएं सही हैं। इसमें न कुछ झूठ है और न ही कुछ छिपाया गया है,यदि उक्त सूचनाएं या मेरे द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र चयन प्रक्रिया के दौरान या बाद में किसी भी समय असत्य / फर्जी पाये जाते हैं, तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये। यदि मेरी नियुक्ति हो गयी हो, तो उसे भी निरस्त कर दिया जाये। इसके लिए मैं विधिक कार्यवाही हेतु पाबन्द रहूंगा / रहूंगी।

स्थान– अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

दिनांक– नाम....................................

**दीवानी न्यायालय,जनपद–बस्ती मे संविदा के आधार पर अंशकालिक स्वीपर के पद को भरने हेतु प्रवेश पत्र**

अभ्यर्थी की स्वप्रमाणित
नवीनतम फोटो

..1–नाम..........................................................................................................

2–पिता का नाम ..................................................................................

3–जन्म तिथि .........................................................................................

4–पता........................................................................................................

आवेदक वही पता अंकित करें, जो संलग्नक लिफाफे में लिखा हो।

**कार्यालय प्रयोग हेतु**

**परीक्षा की तिथि ............................ अनुकमांक................................**

**परीक्षा का समय..................................स्थान......................................**

( अशोक कुमार सिंह)
**अध्यक्ष,**
चयन समिति,
जनपद न्यायालय–बस्ती